तापमान
अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 24.4 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 3 अक्टूबर 2024

14 विधायक विकास कार्यों में कर रहे हैं भेदभावः डिकेन्द्र



14 सर्व कुर्मी समाज ने विधायक ललित का किया सम्मान





## झोलाछाप डॉक्टर की करतूत, भिलाई तीन थाना क्षेत्र की घटना

# इंजेक्शन लगने के बाद बिगड़ी तबियत, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन लगाने के बाद ड्राइवर की मौत होने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि हथखोज शीतला पारा भिलाई 3 निवासी जितेन्द्र पाण्डेय ड्राइवरी का काम करता है। तबियत बिगड़ने पर उसे स्थानीय डॉक्टर के पास ले जाया गया। जहां उसने जितेन्द्र को इंजेक्शन लगाया था। उसके बाद से अचानक तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने जितेन्द्र को तुरंत सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुचाया। जहां युवक की मौत हो गई मौत की खबर लगते ही इंजेक्शन लगाने वाला डॉक्टर के गायब होने की सूचना मिली है। खबर लगते ही मौके पर भिलाई 3 पुलिस पहुची और शव को पीएम के लिए रवाना किया। मृतक युवक का पिता प्रकाश शिवालिक इंजीनियरिंग में काम करता है। जितेंद्र घर का इकलौता बेटा है। उसकी एक छोटी बहन निधि है। निधि के मुताबिक उसका भाई ट्रक चलाता था। वो दो दिन पहले ट्रक लेकर आया था। रायपुर में रुका और फोन कर बताया कि उसकी तबीयत खराब है। जिस पर परिजनों ने घर बुला लिया। घर आने पर उसने एक एनर्जी ड्रिंक पिया और सो गया।

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

### अचानक बिगड़ गई तबियत

इसके बाद भी जब उसकी तबीयत ठीक नहीं हुई तो परिजनों ने मोहल्ले के झोलाछाप डॉक्टर के पास उपचार के लिए ले जाया गया। जितेंद्र को देख डॉक्टर ने शरीर में गर्मी होने की जानकारी दी। डॉक्टर ने जितेन्द्र को तीन इंजेक्शन लगाया फिर बोला कि अगर ठीक नहीं होने पर बोतल चढ़ाने की हिदात दी। डॉक्टर के जाते ही जितेंद्र की तबियत अचानक बिगड़ गई। युवक बाथरूम गया और वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजनों ने आनन-फानन में उसे सुपेला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



### घर का इकलौता बेटा था जितेन्द्र

जितेन्द्र की मौत की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शव को पीएम के लिए बाहर निकालते समय बहन निधि काफी रो रही थी। इस दौरान आसपास के लोगों द्वारा समझा कर उसे शांत कराया। घटना की जानकारी लगने पर मौहल्ले में मातम पसरा है। मृतक व्यवहार कुशल था। इकलौते बेटे को खोने के बाद मां भी सदमे को बरदाश्त नहीं कर पा रही है। टीआई भिलाई तीन महेश ध्रुव ने बताया कि युवक की मौत हुई है। पुलिस जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा। जिसके लिए मेड़िकल जांच भी कराया जाएगा। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है।

# किशोरी को भगाकर ले जाने वाला युवक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

किशोरी को अपने साथ भगाकर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि किशोरी को पहले अपहरण कर उसे अपने साथ युवक भगाकर लेकर चला गया। परिजनों ने अचानक लापता हुई किशोरी को आसपास खोजबीन किया। कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत किया है। पुलिस ने पतासाजी और गिरफ्तार करने थाना प्रभारी पुरानी महेश ध्रुव ने टीम बनाई। उसके बाद 1 अक्टूबर को आरोपी के बारे में पुलिस को सूचना मिली कि सोनू उर्फ राजकुमार (गोमेश्वर) गढ़वाल किशोरी के साथ अपने गांव में है। किशोरी को बरामद कर युवक से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि बहला फुसला कर शादी का झांसा देकर किशोरी को अपने साथ भगाकर ले जाना स्वीकार किया। आरोपी अपने गांव मुंडरई सिवनी एमपी ले गया था। जहां मंदिर में शादी कर गांव से दूसरे दिन नागपुर ले गया।






## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

# राजाभोज पैलेस बिल्डिंग में फ्यूज बल्ब बदलने गए इलेक्ट्रिशियन की गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बल्ब बदलते समय इलेक्ट्रीशियन अचानक तीसरी मंजिल से गिर गया। हादसे में मौके पर ही इलेक्ट्रीशियन की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। हादसे का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। मिली जानकारी के मुताबिक श्रीराम चौक स्थित राजा भोज पैलेस की तीसरी मंजिल में बल्ब बदलने चढे इलेक्ट्रीशियन कृष्णा नगर सुपेला निवासी सोहन पटेल नीचे गिर गया। घटना में उसकी मौत हो गई। मृतक अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। परिजनों ने आशंका जताई है कि उसे करंट लगने से नीचे गिरा और उसकी मौत हो गई। जिसकी निष्पक्षः जांच कर दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की है। सोहन शाम चार बजे श्रीराम चौक स्थित राजाभोज पैलेस बिल्डिंग में फ्यूज बल्ब को बदलने के लिए चढ़ा था। जब वो बल्ब बदल रहा था, अचानक ही वो बिल्डिंग के ऊपर से नीचे जा गिरा। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने सोहन को उपचार के लिए शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुचाय। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



- परिजनों ने दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की
- सुपेला पुलिस कर रही है जांच

# संभागीय शिक्षकों का धरना स्थगित

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ संभाग दुर्ग द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक को समयमान का लाभ दिए जाने की मांग को लेकर कल 3 अक्टूबर को संभागीय मुख्यालय दुर्ग में आयोजित शिक्षकों का धरना प्रदर्शन स्थगित किया गया है । बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से राजनांदगांव स्थित उनके निवास पर चर्चा उपरांत यह निर्णय लिया गया । सिंह ने कार्य दिवस में सचिव स्कूल शिक्षा से कर समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया और उन्होंने धरना प्रदर्शन स्थगित करने कहा। विधानसभा अध्यक्ष से चर्चा में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ दुर्ग संभाग के प्रतिनिधि मंडल में संभागीय अध्यक्ष भुवन सिन्हा , राजनांदगांव जिला अध्यक्ष महेश्वर साहू और बालोद जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र देशमुख उपस्थित थे ।



## खबर संक्षेप

### भजन गायिका लक्ष्मी का जगराता आज

**भिलाई।** शांति नगर दुर्गा उत्सव समिति प्रजापति भवन मैदान द्वारा दुर्गोत्सव को लेकर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना तय किया गया है। आयोजन समिति के प्रमुख ललित मोहन ने बताया कि इस बार आकर्षक झांकियों के बीच हर घर भगवा छाएगा गीत गाने वाली भोपाल की मशहूर गायिका लक्ष्मी दुबे भिलाई पहुंच रही हैं। वे 3 अक्टूबर को रात 8 बजे से प्रस्तुति देंगी। इसे लेकर समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। आकर्षक मंच के साथ लाइटिंग और साउंड सिस्टम के इंतजाम किए गए हैं।



### पेंटिंग स्पर्धा आज से

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा जनजाति गौरव माह अंतर्गत भाषण एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध वाले सभी महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्रओं के लिए 3 अक्टूबर से प्रारंभ होगी, जो 7 अक्टूबर तक चलेगी।

## युवक के साथ लूटपाट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** बाइक से अपने घर जा रहे युवक के साथ लूट की वारदात हो गई। घटना में अज्ञात युवकों के खिलाफ शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 115 (2),296,3 (5), 304, 324 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि चेतन देवांगन एचडीएन मोटर्स टाटीबंध रायपुर में एक्सीडेंटल डिपार्ट में काम है। 30 सितंबर को रायपुर से अपनी बाइक सीजी 07 एवी 4905 से घर जामुल लौट रहा था। इस दौरान ग्राम अकलोरडीह मोड़ के पास रात 12.15 बजे पहुचा एक बाइक में तीन युवक बगल में आये और जेब में रखा गया मोबाइल करीब 5 हजार रुपए का एयरटेल का सिम लगा हुआ है। लूटकर फरार हो गए। इसके अलावा पर्स से चार बैंको का एटीएम और पेनकार्ड लूटकर फरार हो गए। विरोध करने पर आरोपी युवकों ने चेतन के साथ मारपीट कर गालीगलौज भी किया। इस दौरान बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

## फैक्ट्री में शटर का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई।** फैक्ट्री के शटर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि दीपक नगर दुर्ग निवासी फैक्ट्री संचालक सागर जुमनानी का कोमल फुड प्रोडक्ट के नाम से ग्राम कोनारी मे दुर्ग बालोद मुख्य मार्ग पर फैक्ट्री है। जहां सुपारी ईलाचयी ट्रेडिंग का व्यवसाय किया जाता है। 28 सितंबर को फैक्ट्री का मैनेजर प्रणय मिश्रा अपनी काम खत्म कर रात 8 फैक्ट्री में ताला जड़कर घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह मैनेजर फैक्ट्री खोलने पहुचाय था। जहां देखा फैक्ट्री के शटर का ताला टूटा पड़ा मिला। फैक्टी के भीतर से अज्ञात ने जूट के बोरी में ईलायची दाना 6 बोरी 150 किलो गयाब मिला। घटना की सूचना मैनेजर ने संचालक को फोन पर सूचना दी। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर कुछ नहीं पता चल पाया। पुलिस में अज्ञात के खिलाफ शिकायत किया गया। चोरी हुए सामान की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

## नशीली दवाओं के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी दुर्ग चिराग जैन ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान चलाकर ऑनलाइन कुरियर से नशीली दवा मंगाने वाले युवकों में कोरबा निवासी दीपक साहू, भुवनेश्वर बरेठ, पटना बिहार रविशंकर प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है। युवको के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में दवा जब्त किया गया है। पुलिस को जानकारी मिली कि लाखों रुपयों का ऑनलाइन फोन पे, पेटीएम से पेमेंट किया करते थे। युवकों द्वारा नशीली दवा मंगाया करते थे। मोबाइल के माध्यम से पेमेंट किया जाता था। डिटेल जब पुलिस ने खंगाला तो दीपक, भुवनेश्वर और रविशंकर का नाम सामने आया। पुलिस ने तुरंत तीनों को ट्रेस कर गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में पदमनाभपुर टीआई अंबिका प्रसाद ध्रुव, एसीसीयू टीआई तपेशवर नेताम समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।



## कलेक्टर ने संज्ञान लेकर कार्रवाई के दिए निर्देश

# पीएम आवास से हटाया कब्जा, आज होगा आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खबर का असर

जिन आवासों में कब्जे थे उसे ही भिलाई निगम हितग्राहियों को आबंटन करने की सूचना जारी की थी। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आधा दर्जन कब्जेदारों को हटाने की कार्रवाई की गई। कलेक्टर ऋचाप्रकाश चौधरी ने हरिभूमि की प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए निगम आयुक्त बजरंग दुबे को निर्देश दिए।

### 36 आवासों को आबंटन करेगा निगम

किफायती आवास ए.एच.पी. के 3709 स्वीकृत आवास का निर्माण निगम भिलाई के विभिन्न 15 स्थानो पर किया जा रहा है। रजत बिल्डर्स से इडब्लूएस के लिए प्राप्त भूमि पर 36 आवास निर्माण किया गया है। जो निकाय के अंतर्गत आवास निर्माण के 15 स्थलो में से एक है। रजत बिल्डर्स में निर्मित 36 आवास मे से 4 आवास में विगत 3 साल, 1 आवास में 6 माह एवं 1 आवास में 3 माह से अतिक्रमण किया गया था। जिसकी शिकायतें मिली थी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी इसका संज्ञान लेते हुए नव नियुक्त आयुक्त बजरंग दुबे को शीध्र निराकरण करने को कहा।

**आज सुबह होगा आवास आबंटन:** रजत बिल्डर्स में निर्मित आवासों का आबंटन लाटरी के माध्यम से 3 अक्टूबर को नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सुपेला में सुबह 11 बजे से होगा।



### कब्जेदारों को नहीं बख्शेंगे



पीएम आवास योजना जरूरतमंदों के लिए है। इसलिए योजना का लाभ अवश्य मिलना चाहिए। पीएम आवास कब्जेदारों से मुक्त होगा।

-ऋचाप्रकाश चौधरी, कलेक्टर दुर्ग

### 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम



24 घंटे के अंदर आवास रिक्त करने का अंतिम नोटिस दिया गया था। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर सभी अतिक्रमणकारियों से मकानों को रिक्त कराया गया है।

-बजरंग दुबे, निगम आयुक्त

### आयुक्त खुद निरीक्षण करने पहुंचे

आयुक्त दुबे स्वयं प्रधानमंत्री आवास योजना के अधिकारियो को लेकर रजत बिल्डर्स में निर्मित मकानों का मौका निरीक्षण किये। उन्होने संबंधित आवासों को खाली कराने का आदेश जोन आयुक्त को दिये। जिला दण्डाधिकारी, पुलिस बल एवं नगर निगम भिलाई की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। संयुक्त अभियान के तहत सभी 6 अतिक्रमणकारियों से आवास को खाली करवाया गया।



# नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...

## अनंत शक्तियों से संपन्न हैं नवरात्रि की पहली देवी मां शैलपुत्री का स्वरूप

नवरात्रि में दुर्गा पूजा के अवसर पर दुर्गा देवी के नौ रूपों की पूजा-उपासना बहुत ही विधि विधान से की जाती है। इन रूपों के पीछे तात्विक अवधारणाओं का परिज्ञान धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक है। आइए जानते हैं मां शैलपुत्री के बारे में...

मां दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के यहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं। ये ही सती के नाम से भी जानी जाती हैं। उनकी एक मार्मिक कहानी है।

एक बार जब प्रजापति ने यज्ञ किया तो इसमें सारे देवताओं को निमंत्रित किया, भगवान शंकर को नहीं। सती यज्ञ में जाने के लिए विकल हो उठी। शंकरजी ने कहा कि सारे देवताओं को निमंत्रित किया गया है, उन्हें नहीं। ऐसे में वहां जाना उचित नहीं है। सती का प्रबल आग्रह देखकर शंकरजी ने उन्हें यज्ञ में जाने की अनुमति दे दी। सती जब अपने पिता के घर पहुंची तो सिर्फ मां ने ही उन्हें स्नेह दिया। बहनों की बातों में व्यंग्य और उपहास के भाव थे। भगवान शंकर के प्रति भी तिरस्कार के भाव थे। दक्ष ने भी उनके प्रति अपमानजनक वचन कहे। इससे सती को क्लेश पहुंचा।

वे अपने पति का यह अपमान न सह सकी और योगाग्नि द्वारा अपने को जलाकर भस्म कर लिया। इस दारुण दुःख से व्यथित होकर शंकर भगवान ने उस यज्ञ का विध्वंस करा दिया। यही सती अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्मी और शैलपुत्री कहलाई।

पार्वती और हेमवती भी इसी देवी के अन्य नाम हैं। शैलपुत्री का विवाह भी भगवान शंकर से हुआ। शैलपुत्री शिवजी की अर्धांगिनी बनीं। इनका महत्व और शक्ति अनंत है।

सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।



माँ शैलपुत्री

















महाराजा अग्रसेन
व्यापारियों के शहर अग्रोहा के
एक महान भारतीय राजा (महाराज) थे।
महाराजा अग्रसेन का जन्म क्षत्रिय कुल में हुआ था,
महाराजा अग्रसेन एक वेदिक समाजवाद के प्रर्वतक,
युग पुरूष, राम राज्य के समर्थक एवं महादानी एवं
समाजवाद के प्रथम प्रणेता थे।
नवरात्रि पर्व एवं
अग्रवाल समाज के जनक
महाराजा अग्रसेन जी की
जयंती पर
भिलाई के समस्त अग्र बंधुओं को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रेम प्रकाश पांडेय जी
एक है-नेक है-हम सब एक है
सौजन्य : डेरोलिया परिवार, न्यू खुर्सीपार, भिलाई

# श्री अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...



महाराज अग्रसेनजी का जन्म वर्तमान हरियाणा राज्य के हिसार में प्रतापगढ़ के राजा वल्लभ के घर में आज से लगभग 5191 वर्ष पूर्व द्वापर युग के अंत में हुआ था। उन्हे श्री कृष्ण के समकालीन माने जाते हैं। महाराजा अग्रसेन अग्रवंश के संस्थापक एवं प्रवर्तक थे। इनकी शादी नागलोक के महाराजा की पुत्री महारानी माधवी के साथ हुई थी। जिनसे इनके अठारह पुत्र हुए। जिनकी संताने आज अठारह गोत्रो के रूप में प्रचलित है, जो ऐरन, बंसल, बिंदल, भंदल, धारण, गर्ग, गोयल, गोयन, जिंदल, कंसल, कुच्छल, मधुकुल, मंगल, मित्तल, नागल, सिंघल, तायल और तिंगल है।

अग्रसेन का जन्म अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को हुआ, जिसे अग्रसेन जयंती के रूप में मनाया जाता है। अग्रसेन समाजवाद के प्रवर्तक माने जाते है। हमारे पूवर्जों के अनुसार उन्होंने एक रूपया और एक ईंट के सिद्वांत का प्रतिपादन किया था। उनका मानना था कि समाज के किसी भी व्यक्ति की सहायता करना है तो एक रूपया और एक ईंट की सहायता करें। ईंट से वह मकान बना लेगा और रूपयों से व्यापार करेगा। इस तरह वह अपने आपमें आर्थिक रूप से सक्षम हो जाएगा। उनका यह सिद्वांत सम्पूर्ण अग्रवाल समाज मानता है। राज्य में बसने की इच्छा रखने वाले हर आगंतुक को राज्य का हर नागरिक उसे मकान बनाने के लिए ईंट व्यापार करने के लिए एक मुद्रा दिए जाने की राजाज्ञा महाराजा अग्रसेन ने दी थी। महाराजा अग्रसेन समानता पर आधारित आर्थिक नीति को अपनाने वाले संसार के प्रथम सम्राट थे।

महाराजा अग्रसेन प्रतापनगर के सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा वल्लभ के पुत्र थे। वे बचपन से ही मेधावी एवं अपार तेजस्वी थे। वे पिता की आज्ञा से नागराज कुमुट की कन्या माधवी के स्वयंवर में गए। वहाँ अनेक वीर योद्धा राजा महाराजा, देवता आदि सभा में उपस्थित थे।

सुंदर राजकुमारी माधवी ने उपस्थित जनसमुदाय में से युवराज अग्रसेन के गले में वरमाला डालकर उनका वरण किया। इसे देवराज इंद्र ने अपना अपमान समझा और वे महाराजा अग्रसेन से कुपित हो गए। जिससे उनके राज्य में सूखा पड़ गया। जनता में त्राहि-त्राहि मच गई। प्रजा के कष्ट निवारण के लिए राजा अग्रसेन ने अपने आराध्य देव शिव की उपासना की।

उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर शिवजी ने अग्रसेन को वरदान दिया तथा प्रतापगढ़ में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली लौटाई। धन-संपदा और वैभव के लिए महाराजा अग्रसेन ने महालक्ष्मी की आराधना करके उन्हें प्रसन्न किया। महालक्ष्मीजी ने उनको समस्त सिद्धियाँ, धन-वैभव प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया और कहा कि तप को त्याग कर गृहस्थ जीवन का पालन करो, अपने वंश को आगे बढ़ाओ। तुम्हारा यही वंश कालांतर में तुम्हारे नाम से जाना जाएगा।





















# नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...



या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता
नमतस्यै नमतस्यै नमतस्यै नमो नमः



















## खबर संक्षेप



### पितृमोक्ष अमावस्या पर शिवनाथ में सामूहिक तर्पण

**भिलाई।** पिछले चौदह दिन से चल रहा पितृ पक्ष बुधवार को पितृ मोक्ष अमावस्या के साथ समाप्त हो गया। इस अवसर पर भिलाई दुर्ग के लोगों ने तर्पण के साथ दान आदि कर पितरों को भावभीनी विदायी दी। इस अवसर शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट घाट में तर्पण व विसर्जन के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। नदी के शिवनाथ एनीकट में सुबह से दोपहर तक लोगों का तांता लगा रहा। कई लोगों ने पंडितों द्वारा सामुहिक तर्पण कराने के साथ दान पुण्य व मुंडन आदि कराया। विधिविधान से पितरों की विदायी दी गई। भिलाई दुर्ग के महमरा व आसपास के गांव से भी लोग परिवार के साथ आए थे। वहीं कई लोग पूजन सामग्री भी विसर्जन करने पहुंचे थे। वहीं पंद्रह दिनों तक चले पितर पक्ष के दौरान अनेक लोग शिवनाथ घाट पर भी पितरों को पानी दे रहे थे। वहीं शिवनाथ एनीकट पर अभी भी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। बारिश के मौसम के चलते नदी लबालब भरी है। एनीकट के ऊपर से एक फीट पानी बह रहा है। इस दौरान कई लोग एनीकट के ऊपर से जा रहे हैं। नदी का नजारा अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर सेल्फी ले रहे हैं।

### प्रबंधन के अड़ियल रवैये से बढ़ा असंतोष, 40500 रुपए नहीं देने पर उठाएंगे कदम

# बोनस को लेकर यूनियनों ने किया सेलव्यापी आंदोलन का बड़ा ऐलान


हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेल कर्मचारियों के सालाना बोनस को लेकर कल मंगलवार को हुई बैठक में सेल प्रबंधन के अड़ियल रवैये से गुस्साई एनजेसीएस यूनियनों एकजुटता दिखाते हुए बुधवार को गांधी जयंती के दिन सड़क पर उतरने का बड़ा निर्णय लिया है। यदि कर्मचारियों को 40 हजार 5 सौ रुपए से अधिक बोनस नहीं दिया गया तो तीन चरणों में सेलव्यापी आंदोलन का ऐलान किया गया है। इसका आगाज पांच अक्टूबर को भिलाई सहित सेल की सभी यूनिटों में प्रदर्शन से होगी।

बोनस राशि तय करने मंगलवार को एनजेसीएएस की बहुप्रतीक्षित बैठक हुई थी। सेल के डायरेक्टर्स और इंटक,सीटू,एटक, एचएमएस और बीएमएस नेताओं की उपस्थिति में हुई यह अहम बैठक में बिना किसी नतीजा के समाप्त हो गई थी। यूनियनों के मुबातिक इसकी वजह प्रबंधन ने अड़ियल रवैया दिखाते हुए मात्र 26 हजार 500 रुपए बोनस देने का आफिर दिया, जिसे एक राय से एनजेसीएस सदस्य यूनियनों ने ठुकरा दिया था। वे 40 हजार पांच से से अधिक बोनस की मांग कर रही हैं। बैठक बेनतीजा होने से गुस्साई पांचों यूनियनों की बैठक बुधवार को दिल्ली के इंटक मुख्यालय के आफिस में हुई। इसमें पांचों यूनियनों के नेताओं पूरी लामबंदी से सेल प्रबंधन के रवैया के विरोध करते हुए 40 हजार 5 सौ से अधिक बोनस नहीं दिए जाने पर आखिरकार बड़े आंदोलन का निर्णय लिया। मांगों में बोनस के अलावा सेल कर्मचारियों के अपूर्ण वेतन समझौता को फायनालाइज करने, 39 महीने के लंबित एरियर्स का भुगतान जल्द करना शामिल है। इसके लिए तीन चरणों में आंदोलन के तहत 5 अक्टूबर को सेल की सभी यूनिटों में पहले प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर 14 और 15 अक्टूबर को सेल की सभी इकाईयों और खदानों में धरना दिया जाएगा। इसके बाद भी मांग पूर्ण नहीं होने पर नवंबर महीने में सेल की सभी यूनिटों में हड़ताल की जाएगी। इस हड़ताल की तारीख की घोषणा 15 अक्टूबर के धरने के बाद की जाएगी। यूनियनों के मुताबिक आंदोलन को सभी बनाने बीएसपी सहित सभी यूनिटों में कर्मचारियों को जागरुक किया जाएगा।

#### दिल्ली में एनजेसीएस यूनियनों की हुई बैठक में तीन चरणों में आंदोलन का निर्णय





#### हक के लिए एकजुटता से बनी रणनीति

इंटक हेड क्वार्टर में एनजेसीएस की सभी पांच यूनियनों की हुई बैठक में सभी इकाइयों के यूनियन नेता भी जूम मीटिंग के माध्यम से शामिल हुए। इसमें मंगलवार को हुई एनजेसीएस बैठक में सेल प्रबंधन के अल्प बोनस राशि के आफर के रवैये का विरोध करते हुए 40 हजार 500 बोनस भुगतान के लिए आंदोलन की रणनीति बनाई गई। इंटक भिलाई के महासचिव वंशबहादुर सिंह ने बताया कि सभी यूनियनों ने एकजुटता दिखाते हुए प्रबंधन के बोनस फार्मूला को अनुचित बताते हुए हर स्थिति में 40 हजार 5 सौ बोनस के साथ लंबित एरियर्स, वेतन समझौता को पूर्ण करने की मांग को लेकर सेल व्यापी धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया। बैठक में इंटक से डां. जी संजीव रेड्डी, बीएन चौबे,वंश बहादुर सिंह,हरजीत सिंह, रजत दीक्षित,पीके बेहरा,चंद्रशेखर पांडेय, विकास घटक, सीटू के तपन सेन, ललित मोहन मिश्रा,विश्वरुप बेनर्जी,एसपी डे,एटक से रामेंद्र कुमार, डी आदिनारायण,विद्यासागर गिरी, विनोद कुमार सोनी, एचएमएस से संजय वधावकर, बीएमएस से डीके पांडे और रंजन कुमार शामिल थे।

#### दुर्गापूजा के पूर्व मिले जायज बोनस

बीएसपी सहित सेल कर्मचारी दुर्गापूजा के पूर्व बोनस की मांग कर रहे हैं। गौरतलब हो कि पिछले साल भी प्रबंधन के ढुलमुल रवैया के चलते दुर्गापूजा के के बाद बोनस मिला था। सेल प्रबंधन से बोनस राशि सीधे कर्मचारियों के खाते में डाल दी थी। दुर्गापूजा का पर्व तीन अक्टूबर से शुरु हो हो रहा है। यानी दुर्गापूजा शुरु होने तक बोनस मिलमा मुश्किल है। इससे यहां बीएसपी कर्मियों में निराशा है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि यूनियनों के पुरजोर प्रयास से सम्मानजनक बोनस त्योहार के दौरान मिल जाएगा।

# सियानसदन में वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठजनों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

■ बीएसपी सियान सदन में अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर कार्यक्रम

भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के सदस्यों द्वारा विश्व वरिष्ठ जन दिवस के पर बीएसपी के सियान सदन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वरिष्ठ जनों का सम्मान, विशेष मेडिकल चेकअप तथा संगीत संध्या का आयोजन किया गया। वृद्धजनों का गुलाब भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ईडी पवन कुमार ने वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, पीके सरकार, अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबन्धक उत्पल दत्ता, प्रशांत तिवारी, शिवराजन नायर, डां. एनके जैन, सहायक महाप्रबंधक आदि भी उपस्थित थे।

उत्पल दत्ता ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक केके वर्मा ने किया। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक जितेन्द्र मानिकपुरी और धन्यवाद ज्ञापन एसके कामड़े ने किया। ताल अकादमी के कलाकारों में सेवानिवृत्त महाप्रबंधक बसंत दिवेकर, दीपेंद्र हलदार राकेश नेमा, गीता सिंह, रीता मंडल और रामेश्वरी अकुला ने संगीतमय प्रस्तुतियां दीं। वरिष्ठ नागरिकों सुरेन्द्र नाथ बंगा ने उर्दू कविता व सरोज बंगा ने गजल प्रस्तुत की। श्याम सुन्दर बरोरी ने गीत और कुसुम भट्ट ने भजन सुनाए।

#### स्वास्थ्य शिविर का लिया लाभ

इस अवसर पर सेक्टर 9 अस्पताल के आई विशेषज्ञों की मेडिकल टीम ने सियान सदन रिटायरमेंट होम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया। स्वास्थ्य शिविर में सियान सदन के निवासियों ने ब्लड-शुगर, एचबी और बीपी की जांच सहित निवारक स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

# भिलाई बिरादरी ने महात्मा गांधी की जयंती मनाई



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। श्रद्धांजलि के रूप में भिलाई निवास के बहुउद्देशीय हॉल में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, डॉ. अशोक कुमार पंडा,पवन कुमार, बीके गिरी, ओए के चेयरमैन एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, जीएम विजय कुमार शर्मा व डीजीएम सहीराम जाखड़ आदि उपस्थित थे। सर्व धर्म प्रार्थना सभा की शुरुआत महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। प्रमुख धर्मों के प्रतिनिधियों ने अपने धर्मों के धार्मिक ग्रंथों से प्रार्थनाएँ पढ़ीं। आचार्य महेश चंद्र शर्मा ने श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का पाठ भाई महंगा सिंह ने गुरु ग्रंथ साहिब से प्रार्थनाएँ कीं। फादर अनुपम विकास ने बाइबिल से प्रार्थनाएँ कीं और हाफ़िज़ अनवर ने पवित्र कुरान से प्रार्थनाएँ पढ़ीं। पी.टी. उल्लास कुमार व पार्टी ने महात्मा गांधी की प्रार्थना सुनाई। दीपेन्द्र हलधर व कलाकारों ने सामूहिक राम-नाम धुन प्रस्तुत की।

# मैत्रीबाग में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह शुरु, हुई चित्रकला प्रतियोगिता



**भिलाई।** भिलाई इस्पात सयंत्र के उद्यान विभाग द्वारा अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। शुरुआत 1 अक्टूबर को महिला कॉलेज, उतई के विद्यार्थियों को मैत्री बाग चिड़ियाघर का भ्रमण कराकर वन्य प्राणियों से सम्बंधित शैक्षणिक जानकारी दी गई इसके अलावा वन्य प्राणियों के जागरूकता के लिए बीएसपी और नॉन बीएसपी स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला व भाषण स्पर्धा का आयोजन बुधवार को मोमबत्ती गार्डन में हुई। प्राथमिक, माध्यमिक व हायर सेकंडरी के बच्चों ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। गुरुवार को भाषण प्रतियोगिता उद्यान विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर-7 में होगी। 4 अक्टूबर को हायर सेकंडरी स्तर के बच्चों के मध्य भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इच्छुक बच्चों द्वारा सुबह अपना रजिस्ट्रेशन सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 7 में करवा सकते हैं। उद्यान विभाग के महाप्रबंधक डॉ. नवीन कुमार जैन ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को 5 अक्टूबर को मैत्रीबाग के मोमबत्ती गार्डन में शाम 5 बजे वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक डॉ. के. मोचियो व कार्यक्रम के अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक पवन द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गों का सम्मान, बांटे गए उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

■ सांसद एवं विधायक ने शॉल, श्रीफल तथा पौधा भेंट किया

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में पद्मनाभपुर विवेकानंद सभागृह में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बडी संख्या में बुजूर्ग शामिल हुए, जहां उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

आयोजित समारोह में सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। जिला पंचायत सदस्य एवं ग्राम पंचायत के सरपंचगणों ने वृद्धजनों को सम्मानित कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अतिथियों ने परिवार एवं राष्ट्र के निर्माण में बुजुर्गों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदानों को अतुलनीय बताया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा बुजुर्गों को शॉल, श्रीफल एवं पौधा भी भेंट किया गया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने बुजुर्गों के लिए छत्तीसगढ़िया गीत गाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होने बुजुर्गों को उनसे संबंधित शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। इस अवसर पर उन्होंने समाज एवं परिवार के निर्माण में बुजुर्गों के योगदानों की चर्चा की।



#### बुजुर्गों को संगीत वाद्य व उपकरण भेंट

विधायक श्री यादव ने उपस्थित वृद्धि जनों से उनकी मनोरंजक रुचियों के बारे में चर्चा की एवं वृद्धजनों के रुचि के अनुरूप संगीत वाद्य अथवा अन्य उपकरण समाज कल्याण विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया। समारोह में विभाग के उप संचालक अमित परिहार ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस तथा शासन द्वारा बुजुर्गों के संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया।

#### विधायक ने कहा बुजुर्ग हमारी धरोहर

कार्यक्रम में उपस्थित बुजुर्गों को संबोधित करते हुए विधायक गजेन्द्र यादव ने उनके सम्मान में चलते चलते मेरे ये गीत याद रखना...गीत प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारे धरोहर है। बुजुर्ग के बिना परिवार अधूरा होता है। उनके योगदान हम सबके लिए सचमुच अतुलनीय है। विधायक श्री यादव ने कहा कि, माता-पिता और हमारे बुजुर्ग हम सभी के प्रथम शिक्षक होते हैं। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का असर पूरे परिवार के ऊपर पड़ता है। एक अच्छे समाज एवं परिवार के निर्माण के लिए माता-पिता, बुजुर्गों तथा बच्चों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

### सर्व पितृ अमावस्या पर किया सामूहिक श्राद्ध



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी में सर्व पितृ अमावस्या पर सामुहिक श्राद्ध कार्यक्रम विधि विधान से गायत्री परिवार के पंडित संतोष अवस्थी महाराज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आश्रम समिति और हरि ओम साधक परिवार के अलावा और भी अन्य समुदाय के लोग जगह जगह से आए हुए थे। सभी अपने पूर्वजों का तर्पण, पूजन कर तृप्त हुए। सभी को पितरों की सद्गति के लिए गीता का सातवें अध्याय का पाठ भी कराया गया। समिति के अध्यक्ष चंदू भाई चंद्राकर द्वारा बताया गया कि 4 अक्टूबर को संत आसाराम बापू का 60 वा आत्मा साक्षात्कार दिवस बड़े धूम धाम से बेलौदी आश्रम में मनाया जायेगा। यह जानकारी युवा सेवा संघ ने दी गई

# शहर से गांव तक चला स्वच्छता ही सेवा अभियान अफसर, कर्मचारी और नेताओं ने भी थामी झाड़ू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

■ महात्मा गांधी व शास्त्री के आदर्शो को किया याद

जिले में महात्मा गांधी और लालबहादुर की जयंती के तहत स्वच्छता को लेकर जिलेभर में विविध आयोजन किए गए। इस दौरान गांव से शहर तक स्वच्छता अभियान की झलक देखी गई। वहीं जयंती पर सरकारी विभाग, निकाय और गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, नगरीय निकायों, पंचायतों सहित गांव-गांव में साफ सफाई एवं श्रम दान किया गया। साथ ही स्वच्छता का संदेश दिया गया।

गांधी की जयंती पर प्रशासन द्वारा विगत 17 सिंतबर से स्वच्छता पखवाडा मनाया जा रहा हैं, वही गांधी जयंती पर इस अभियान के अंतिम दिन सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए जागरूक किया गया। इसके आलावा नगरनिगम दुर्ग में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गांधी जयंती पर झाड़ू लेकर सड़क पर विधायक व महापौर सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश दिए। गांधी जयन्ती पर नगर पालिक निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान कर स्वच्छता का सन्देश दिया। राष्ट्रपिता की 155 वी जयंती पर हिंदी भवन के सामने बापू के नवनिर्मित प्रतिमा पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इसके प्रश्चात स्वच्छता ही सेवा की शुरुवात की। विधायक व महापौर ने हाथ में झाडू लेकर सफाई अभियान चलाया। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा रथ नशामुक्ति अभियान रैली वाहन को अधिकारियों के साथ हरी झंडी दिखाकर रवानगी किया। इस अवसर परहमीद खोखर, दीपक साहू, भोला महोविया, सत्यवती वर्मा, रविन्द्र एक्का, एम भार्गव, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर आदि मौजूद थे।



#### याद किए गए बापू और शास्त्री

विधायक गजेंद्र यादव व महापौर धीरज बाकलीवाल ने राष्ट्रपिता की 155 वी जयंती पर बुधवार को हिंदी भवन के सामने बापू के नवनिर्मित प्रतिमा पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और कहा कि सत्य, सद्भाव तथा समानता पर आधारित उनका जीवन देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणापुंज बना रहेगा। उन्होंने भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

#### सत्य और अहिंसा के बल से देश हुआ आजाद



छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूद्दीन कुरैशी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी 155वीं जयंती एवं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न श्री लालबहादुर शास्त्री जी के 120वीं जयंती के अवसर पर कैम्प-1 गांधी चैक में गांधी जी के प्रतिमा एवं लालबहादुर शास्त्री जी के तैल्यचित्र पर माल्यअर्पण कर जयंती मनाई। कार्यक्रम में समय लाल साहू, बैजनाथ शुक्ला, रामा विश्वकर्मा, दुर्गा साहू, मेंरिक सिंह, जवाहर भाई, दीदार भाई, नजमुनिशा, पप्पू पाण्डेय, नईम बेग, गायत्री देवांगन, जोगा राव, सलीम, शहीद भाई, कन्हैया चूरहे, कृष्णा सिंह, मोहन गुप्ता, शत्रुहन, धर्मेंद्र आदि थे।

#### जिला हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने भी लगाई झाड़ू



स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल परिसर की सफाई कर अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। जिसमे जिला हॉस्पिटल के सिविल सर्जन डॉक्टर हेमंत साहू आर एमओ डॉक्टर अखिलेश यादव, डॉक्टर सान्याल, डॉक्टर गरिमा, डॉक्टर ओपी वर्मा अस्पताल सलाहकार, जीपी उपाधाय, जीवनदीप की समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर एवं प्रशांत डोनगांवकर एवं अस्पताल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### केंद्र सरकार की पीएम सूर्यघर योजना लांच

# सूर्यघर योजना से 25 हजार घर होंगे रोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

■ ऑनलाइन आवेदन के जरिए मिलेगा लाभ

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुक्त बिजली योजना के तहत दुर्ग, बेमेतरा और बालौद के लिए राज्य शासन द्वारा पच्चीस हजार का टारगेट दिया गया है। इस साल तीनों जिले में टारगेट के अनुसार हितग्राहियों को लाभ दिया जाएगा। इसके लिए राज्य शासन द्वारा सिस्टम के लिए रेट निर्धारित किए गए है, वही सब्सिडी का भी प्रावधान किया गया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्यालय स्थित सभागार में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिये कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अभियंता एम जामुलकर ने योजना का लाभ जिले के समस्त उपभोक्ताओं को दिलाने एवं कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। आयोजित कार्यशाला में आरईसी के प्रोजेक्ट इंजीनियर भुवनेश्वर पटेल द्वारा क्षेत्र के समस्त कार्यपालन एवं सहायक अभियंताओं को योजना के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिया गया। देश में 1 करोड़ घरों पर रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित किये जाने का लक्ष्य रखा है। आयोजित कार्यशाला में बताया गया कि, योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को पीएम सूर्यघर पोर्टल में जा कर आनलाइन रजिस्ट्रेशन करना है।

#### राज्य शासन का किया था प्रचार

पूर्व में विधानसभा चुनाव के पहले पांपलेट बांटकर एक से दो किलोवाट में केन्द्र की तीस से साठ हजार और राज्य की सब्सिडी 33 हजार बताई गई थी। ऐसे में दोनो का मिलाकर 63 हजार था। वही दो से तीन किलोवाट में साठ से 78 हजार केन्द्र और राज्य की सब्सिडी 66 हजार कर दोनो की सब्सिडी 1 लाख 26 हजार बताई गई थी। तीन किलोवाट से अधिक में केन्द्र की 78 हजार और राज्य का एक लाख आठ हजार मिलाकर 1 लाख 86 हजार का प्रचार प्रसार किया गया था। वर्तमान में राज्य शासन ने सब्सिडी को लेकर कोई निर्देश जारी नही किए है।

#### इतनी मिलेगी हितग्राहियो को सब्सिडी

योजना के तहत एक किलोवाट के कनेक्शन में अनुमानित खर्चा 60 हजार रूपये है, जिसमें 30 हजार रूपये सब्सिडी है। वही 2 किलोवाट का सोलर पैनल लगाना चाहते हैं तो 60 हजार रूपये सब्सिडी राशि मिलेगी। इसकी अनुमानित लागत 1 लाख 20 हजार रूपये आएगी। इसी तरह 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित करते हैं, तो सब्सिडी राशि के रूप में 78 हजार रूपये मिलेंगे। लागत 1 लाख 80 हजार रूपये आएगी। प्रत्येक जिले में कम से कम 1 गांव को आदर्ष सौर गांव के रूप में विकसित करेगी।

#### चल रही प्रक्रिया

वर्तमान में डेढ सौ से अधिक लोगों ने लाभ लिया है। तीनों जिले के लिए करीब 25 हजार टारगेट दिया गया है। राज्य की सब्सिडी की जानकारी नही आई है।
-एम जामुलकर, मुख्य अभियंता दुर्ग

#### जिले में मनाया गया स्वच्छ भारत दिवस



महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत दुर्ग के ग्राम पंचायत कुथरेल में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ललित चंद्राकर, माया बेलचंदन की उपस्थिति में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी को स्वच्छता बनाए रखने की अपील करते हुए स्वच्छता शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में अन्य ग्राम पंचायतों से आये लगभग 700 स्वच्छाग्राहियों ने प्रतिभाग किया। शाला के बच्चों द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम, रंगोली प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। राजश्री चंद्राकर, सरपंच, कमल नारायण, सचिव एवं लोमेश चंद्राकर, उपसरपंच, ग्राम पंचायत कुथरेल, प्रदीप चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य, राकेश सेन, कांती बाला द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपना सक्रिय योगदान दिया गया।

#### भाजपाइयों ने की आंबेडकर प्रतिमा की सफाई



चंडी शीतला मंडल भाजपा द्वारा वार्ड क्र.10 शंकर नगर दुर्ग में जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा की प्रमुख उपस्थिति व मंडल अध्यक्ष विजय ताम्रकार के नेतृत्व में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की साफ़ सफ़ाई एवं माल्यार्पण कर मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव आंबेडकर प्रतिमा व आस पास परिसर को साफ सफाई कर माल्यार्पण किया। इस अवसर में ज़िला मंत्री आशीष निमजे ,जिला प्रवक्ता दिनेश देवांगन, आईटी सेल संयोजक जितेंद्र राजपूत, पटरीपार मण्डल अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, साजन जोसफ़, धर्मेंद्र यादव, रीता मेश्राम, गोविंद देवांगन सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

